# MAHD–06

## December – Examination 2022

# M.A. (Final) Examination

## HINDI

## (कथा-साहित्य)

## Paper : MAHD-06

*Time : 3 Hours* ] [ *Maximum Marks : 80*

**निर्देश :** यह प्रश्न-पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**खण्ड—अ** **8×2=16**

**(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)**

**निर्देश :** सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम **30** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

   (i) भारतेन्दु युगीन **दो** उपन्यासकारों के नाम लिखिए।

   (ii) 'गोदान' उपन्यास की प्रमुख महिला पात्रों के नाम लिखिए।



**खण्ड—स** **2×16=32**

**(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)**

**निर्देश :** किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **500** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 16 अंक का है।

10. स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी कहानी की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

11. 'महाराजा का इलाज' कहानी की तात्त्विक समीक्षा कीजिए।

12. प्रेमचन्द के प्रमुख उपन्यासों का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

13. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर टिप्पणियाँ लिखिए :

    (i) समांतर कहानी आंदोलन

    (ii) 'शतरंज के खिलाड़ी' कहानी की मूल संवेदना

    (iii) 'शेखर एक जीवनी' उपन्यास के पात्र

    (iv) 'मेरा दुश्मन' कहानी का शिल्प

(iii) उपन्यास के प्रमुख तत्त्व कौन-कौनसे हैं ?

(iv) किस उपन्यासकार को उपन्यास सम्राट के नाम से जाना जाता है ?

(v) 'नयी कहानी' आंदोलन की प्रथम कहानी किसे माना जाता है ?

(vi) 'सचेतन' कहानी के प्रवर्तक का नाम लिखिए।

(vii) 'अकहानी' आंदोलन के **दो** प्रमुख कहानीकारों का उल्लेख कीजिए।

(viii) किन्हीं **दो** मनोवैज्ञानिक कहानीकारों के नाम लिखिए।

**खण्ड—ब** **4×8=32**

**(लघु उत्तरीय प्रश्न)**

**निर्देश :** किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **200** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 8 अंक का है।

2. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

''सुनंदा जहाँ थी, वहाँ है। वह रोटी बना चुकी है। अंगीठी के कोयले उल्टे तबे से दबे हैं। माथे को उंगलियों पर टिकाकर वह बैठी है। बैठी-बैठी सूनी-सी देख रही है। सुन रही है कि उसके पति कालिन्दी चरण अपने मित्रों के साथ क्यों और क्या बातें



कर रहे हैं। उसे जोश का कारण समझ में आता। उत्साह उसके लिए अपरिचित है। वह उसके लिए कुछ दूर की वस्तु है, प्रहरणीय और मनोरम और हरियाली। वह भारतमाता की स्वतन्त्रता को समझना चाहती है, पर उसको न भारतमाता समझ में आती है, न स्वतंत्रता।''

3. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

''शहर में न कोई हलचल थी, न मार-काट। एक बूँद भी खून नहीं गिरा था। आज तक किसी स्वाधीन देश के राजा की पराजय इतनी शांति से, इस तरह खून बहे बिना न हुई होगी। यह अहिंसा न थी जिस पर देवगण प्रसन्न होते यह वह कायरपन था जिस पर बड़े-बड़े कायर भी आँसू बहाते।''

4. 'गोदान' उपन्यास में वर्णित प्रमुख समस्याओं का विवेचन कीजिए।

5. 'जिंदगी और जोंक' कहानी की मूल संवेदना स्पष्ट कीजिए।

6. 'समय-सरगम' उपन्यास की कथावस्तु अपने शब्दों में लिखिए।

7. 'शेखर की जीवनी' उपन्यास के शिल्प-विधान पर प्रकाश डालिए।

8. 'सिक्का बदल गया' कहानी का मूल प्रतिपाद्य लिखिए।

9. 'मधुआ' कहानी की मूल संवेदना पर प्रकाश डालिए।